दिन– शुक्रवार दिनांक– 12/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि : 05 मिनट

---

केन्द्र सरकार ने संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों को खुदरा विक्रेताओं से मोटर ईंधन और हाई स्पीड डीजल खरीदने पर रोक लगा दी है। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में आई बाधाओं के बीच स्थानीय स्तर पर ईंधन की कमी को रोकने के लिए लिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि ये प्रतिबंध नब्बे दिनों तक लागू रहेंगे। खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि वे प्रति ग्राहक प्रतिदिन अधिकतम दो सौ लीटर हाई स्पीड डीजल ही बेचें।

————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने इक्कीस जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा की परीक्षा अवधि को पंद्रह मिनट बढ़ाकर एक सौ पचानवे मिनट का कर दिया है। नया समय दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक रहेगा। संशोधित परीक्षा अवधि में अनिवार्य परीक्षा औपचारिकताओं के लिए आवश्यक समय शामिल है। साथ ही एजेंसी ने प्रश्न पत्र पुस्तिका के साथ दिए जाने वाली रफ वर्कशीट को दो पृष्ठ से बढ़ाकर चार पृष्ठ कर दिया है।

————————————————————

केंद्र सरकार ने प्याज के खरीद मूल्य को संशोधित करके एक हजार छह सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।

————————————————————

भारतीय निशानेबाज और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जसपाल राणा का आज नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे उनचास वर्ष के थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जसपाल राणा के निधन पर गहरा शोक जताया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में सड़क हादसे तीन थानाध्यक्षों समेत चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार शोकसंतप्त परिवारों के साथ है। गौरतलब है कि देर रात सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के अरार थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार, बेलारी थानाध्यक्ष नीरज कुमार तथा रतवारा थानाध्यक्ष साजन कुमार और कार चालक की मौत हो गयी थी।

———————————————————————

आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। दुनियाभर में बाल श्रम की प्रथा को खत्म करने और लोगों को उसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– बाल मजदूरी को रेड कार्डः बच्चों के लिए निष्पक्ष खेल, वयस्कों के लिए सम्मानजनक काम। बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नागरिकों से बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण बचपन को और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने भी लोगों से बच्चों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहने की अपील की है। वहीं, श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार बाल श्रम मुक्त बिहार अभियान के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शराब, मादक पदार्थ और प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

शेखपुरा नगर थाना क्षेत्र के अहियापुर मोहल्ला से पुलिस ने एक ऑटो पर से भारी मात्रा में शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर और परबत्ता थाना क्षेत्रों से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब, प्रतिबंधित कफ सीरप और हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।